संख्या-12/2019/क0नि0-4-420(1)/11-2019-300(11)/2009

प्रेषक,

नीरजा कुरील,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 22 मई, 2019**

विषयः- वाणिज्य कर विभाग में आनलाइन सेवा के संचालन हेतु क्लाउड सर्विसेज़ पर वित्तीय वर्ष 2019-20 में होने वाले व्यय के भुगतान हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-आई0टी0/06/004/हार्डवेयर क्लाउड-(2019-2020)/82/वाणिज्य कर, दिनाँक 10.04.2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में 09-जी0एस0टी0एन0 से सम्बन्धित व्यय की मानक मद संख्या-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय मद में प्राविधानित धनराशि रु0-04.50 करोड़ में से वाणिज्य कर विभाग में सर्वश्री यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ से माइक्रोसाफ्ट टेक्नोलाजी आधारित क्लाउड सर्विस हायर किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 में, माह मार्च, 2019 से फरवरी, 2020 तक 12 माहों के लिए अनुमानित धनराशी रु0-01.52 करोड़ (रुपया एक करोड़ बावन लाख मात्र) का भुगतान मासिक बिल के आधार पर सर्वश्री यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ को किये जाने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं।

2- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय व्ययक की अनुदान संख्या-89 के लेखाशीर्षक-2040-बिक्री व्यापार आदि पर कर-800-अन्य व्यय-09-जी0एस0टी0एन0 से सम्बन्धित व्यय-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर क्रय के नामे डाला जायेगा।

भवदीया,

(नीरजा कुरील)
संयुक्त सचिव।

संख्या-12/2019/क0नि0-4-420(1)/11-2019, तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, प्रयागराज।
2. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. एडी0 कमिश्नर (लेखा), वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6. गार्ड फाइल/समीक्षा अधिकारी (बजट)।

आज्ञा से,

(नीरजा कुरील)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।